# राष्ट्रीय सेवा भारती

www.rashtriyasewabharati.org | विक्रम संवत - 2082, बैशाख, शुक्ल पक्ष | ई बुलेटिन मासिक: मई - 2025



# चिरयुवा कर्मयोगी

## - किशाभाऊ पटवर्धन

सरकारी नौकरी करने वाले किसी भी शिक्षक के लिए रिटायरमेंट का दिन उसके लिए ढेर सारा आराम व मनमुताबिक फुरसत लेकर आता है। किंतु कुछ लोग चिर युवा होते हैं, वे जीवन की अंतिम सांस तक काम करते रहते हैं। स्वर्गीय किशाभाऊ पटवर्धन भी ऐसे ही एक बिरले इंसान थे। पूना के एक सरकारी विद्यालय से प्रिंसिपल के रूप में रिटायर होते ही उन्होंने अपने लिए एक नया कर्म क्षेत्र चुना। जीवन की इस दूसरी पारी में किशाभाऊ ने गरीब मेधावी बच्चों को पढाने व बढ़ाने के लिए स्वरूप वर्धिनी नामक संस्था की स्थापना की। अपने जीवन के 10 वर्ष राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक रहे किशाभाऊ ने स्वरूप वर्धिनी की शाखा में शिक्षा का आयाम जोड़कर उसे बहुमुखी बनाया।

25 दिसंबर 1920 को पुणे में जन्मे किशाभाऊ बचपन से ही बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। युवावस्था में कॉलेज की पढ़ाई अधूरी छोड़कर गुरु गोलवलकर जी के राष्ट्र निर्माण के लिए समय देने के आह्वान पर वे संघ के प्रचारक बन गए। लगभग 10 वर्ष महाराष्ट्र के अलग अलग शहरों में कार्य करने के बाद लौटकर एम.एस.सी व बी.एड कर वे सरकारी स्कूल में प्रिंसिपल हो गए। शिक्षक होते हुए भी उन्होंने अपने अंदर विज्ञान के छात्र को सदैव जिंदा रखा, शायद इसीलिए वह जीवन भर शिक्षा के क्षेत्र में नए प्रयोग करते रहे। नौकरी के दौरान वे टैलेंटेड स्टूडेंट्स को निखारने व उन्हें समाज के प्रति संवेदनशील बनाने के लिए कार्य कर रही ज्ञानप्रबोधिनी का अहम हिस्सा रहे। वहां काम करते हुए उनके मन में विचार आया कि योग्यता किसी एक वर्ग का की बपौती नहीं है, मलिन बस्तियों में रहने वाले निर्धन परिवारों के योग्य बच्चे सिर्फ इसलिए आगे ना बढ़ सके कि उन्हें कोई दिशा दिखाने वाला नहीं है। फीस नहीं भर पाने के कारण मजबूरी में उन्हें पढ़ाई छोड़ना पड़े ऐसा उनकी प्रतिभा के साथ अन्याय है। एक शिक्षक की इसी सोच ने 13 मई 1979 को स्वरूप वर्धिनी को जन्म दिया।

पुणे के मंगलवार पेठ कस्बे में रामकृष्ण थ्रेड वाइंडिंग इंडस्ट्रीज वर्कशॉप के शेड में 12 बच्चों के साथ संस्था की पहली शाखा लगी। आज पूना में स्वरूप वर्धिनी की 16 शाखाएं लगती हैं , इनमें 800 से अधिक बच्चे दंड अभ्यास, देश भक्ति गीत, के साथ ही मैथ्स, साइंस, व अंग्रेजी की पढ़ाई करते हैं। इसके अलावा भी संस्था कई क्षेत्रों में कार्य कर रही है। 1988 में संस्था का अपना भवन बनने के बाद किशाभाऊ ने परिसर में पाकोली नाम की शिशुशाला शुरू की जिसमें 3 से 5 वर्ष के बच्चे (जिनके माता-पिता मजदूरी करते हैं) वहां प्राथमिक ज्ञान सीखते हैं। बढ़ती उम्र के साथ किशाभाऊ का जुनून भी बढ़ता गया व स्वरूप वर्धिनी में नए-नए आयाम जुडते गए। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सिलाई कढ़ाई बुनाई के साथ नर्सिंग की वोकेशनल ट्रेनिंग दी गई। आसपास के गांव के से गत 10 वर्षों में 3000 से अधिक लड़कियां नर्स बन चुकी हैं। उनकी यात्रा यही नहीं रुकी पटवर्धन जी ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए बहुत कम फीस में कोचिंग क्लासेज शुरू की। इन क्लासेस से पिछले 17 वर्षों में 200 से अधिक अधिकारी निकले हैं।

किशाभाऊ की संगठन क्षमता का लोहा उनके विरोधी भी मानते थे। स्वरूप वर्धिनी के भवन का शिलान्यास संघ के प. पू. सरसंघचालक जी के हाथों करवाने वाले इस स्वयंसेवक ने संघ के घोर विरोधी लोगों को भी स्वरूप वर्धिनी से जोडा। संघ के सेवाविभाग के पालक अधिकारी श्री सुहासराव हीरेमठ जी की मानें तो किशाभाऊ एक समर्पित व ध्येयनिष्ठ कार्यकर्ता थे अपने आचरण व व्यवहार से वे लोगों को बहुत जल्दी अपना बना लेते थे।

| | |
|---|---|
| 19520 | शिक्षा |
| 9560 | स्वास्थ्य |
| 9392 | सामाजिक |
| 5649 | स्वावलम्बन |

## सेवा कार्यवृत्त

“ नर सेवा नारायण सेवा का मूल ध्येय लेकर समाज में वंचित, अभावग्रस्त, उपेक्षित एवं पीड़ित लोगों के सर्वांगीण विकास हेतु राष्ट्रीय सेवा भारती सतत कार्यरत है। यह नगरीय - झुग्गी झोपड़ी एवं पुनर्वास बस्तियों में समाज कल्याण कार्यक्रम जैसे निःशुल्क चिकित्सा, निःशुल्क शिक्षा, कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्रों के माध्यम से भी कार्यरत है। देशभर में राष्ट्रीय सेवा भारती द्वारा 44121 सेवा कार्य चलाए जा रहे हैं। ”




## चल विज्ञान प्रयोगशाला प्रशिक्षण वर्ग- डोम्बीवली



चल विज्ञान प्रयोगशाला प्रशिक्षण वर्ग का उद्घाटन 7 अप्रैल 2025 को डोंबिवली, कोंकण प्रान्त में हुआ। मंच पर वैज्ञानिक डॉ. सुधाकर आगरकर जी,राष्ट्रीय सेवा भारती की उपाध्यक्षा अमिता जैन जी एवम् संयुक्त महामंत्री विजय पुराणिक जी उपस्थित थे। इस वर्ग में 15 प्रांतों से कार्यकर्ता शामिल हुए। यह कार्यक्रम विज्ञान को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। प्रशिक्षण वर्ग 9 अप्रैल तक आयोजित किया गया।

## वैभवश्री एवं अध्ययन प्रांत टोली प्रशिक्षण वर्ग- उत्तर एवं पश्चिम उत्तर प्रदेश क्षेत्र



राष्ट्रीय सेवा भारती द्वारा वैभवश्री एवं अध्ययन प्रांत टोली प्रशिक्षण वर्ग- उत्तर एवं पश्चिम उत्तर प्रदेश क्षेत्रों का द्विदिवसीय प्रशिक्षण वर्ग सेवाधाम विद्या मंदिर, मंडोली, दिल्ली में दिनांक 19 अप्रैल 2025 को प्रारंभ हुआ। उदघाटन सत्र में श्री पद्म कुमार जी, राष्ट्रीय सेवा भारती न्यासी एवं वैभवश्री पालक, डॉ.जी.पी. भद्रदास, डॉ. ज्योति चौथाईवाले जी एवं श्री निर्भय जी दिल्ली सेवा भारती से उपस्थित रहें। वर्ग में 6 प्रान्तों से 48 कार्यकर्ता उपस्थित रहें।



## वैभवश्री एवं अध्ययन प्रांत टोली प्रशिक्षण वर्ग - मध्य क्षेत्र



राष्ट्रीय सेवा भारती की योजना से मध्य क्षेत्र स्वावलंबन का प्रकल्प वैभव श्री एवं अध्ययन टोली का प्रथम क्षेत्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम इंदौर में आयोजित किया गया है, जो 26-27 अप्रैल, 2025 को सेवा भारती छात्रावास, सिद्धार्थ नगर, इंदौर में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ है इसमें मालवा प्रांत छत्तीसगढ़ महाकौशल और मध्य भारत प्रांत के प्रांत टोलि के कार्यकर्ता उपस्थित हुए। इस प्रशिक्षण में चारों प्रांतों से कुल 40 प्रतिभागी शामिल हुए, जिनमें 12 महिलाएं एवं 23 पुरुष कार्यकर्ता व 5 केंद्रीय टोली के थे।

प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ उद्घाटन सत्र से हुआ जिसमें दीप प्रज्वलन श्री पद्म कुमार जी, राष्ट्रीय सेवा भारती न्यासी एवं वैभवश्री पालक अधिकारी, डॉ. जी पी भद्रदास जी, श्रीमती अपर्णा ताम्रकार जी, अध्ययन टोली सदास्या, मालवा प्रांत सेवा भारती के अध्यक्ष श्री रवि भाटिया जी, श्री विनोद मोहने जी, वैभवश्री केन्द्रीय टोली सदास्य और श्रीमती रीना सोलंकी जी, वैभवश्री केन्द्रीय टोली सदस्या द्वारा किया गया है।




# राष्ट्रीय सेवा साधना - आपदा प्रबंधन वार्षिक विशेषांक पुस्तक का प्रान्तों में विमोचन किया गया







## उत्तर असम प्रान्त

गुवाहाटी के सुदर्शनालय, बरबारी में सेवा भारती पूर्वांचल, उत्तर असम प्रान्त द्वारा प्रकाशित पुस्तक "राष्ट्रीय सेवा साधना 2025" का भव्य विमोचन किया गया। इस पुस्तक में सेवा भारती एवं संघ के कार्यकर्ता द्वारा किए गए आपदा प्रबंधन सेवा कार्यों का विस्तार से उल्लेख है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री सेंथिल कुमार जी सह सेवा प्रमुख राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने समाज में सकारात्मक बदलाव की दिशा में पुस्तक के योगदान को रेखांकित किया।

## जम्मू कश्मीर प्रान्त

राष्ट्रीय सेवा भारती, दिल्ली द्वारा प्रकाशित "राष्ट्रीय सेवा साधना – आपदा प्रबंधन" पुस्तक का आज कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग के अवसर पर विमोचन किया गया। यह पुस्तक देशभर में विभिन्न राज्य सेवा भारती इकाइयों द्वारा आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में किए गए कार्यों पर आधारित है। इस अवसर पर श्री जयदेव जी (अखिल भारतीय छात्रावास प्रमुख), श्री जतिन जी (उत्तर क्षेत्र प्रचारक), सेवा भारती जम्मू-कश्मीर के संगठन मंत्री श्री परमीत जी एवं अध्यक्ष डॉ. राकेश झा जी उपस्थित रहे।







## झारखण्ड प्रान्त

सेवा भारती, झारखंड के तत्वावधान में हरमू रोड स्थित काव्स रेस्टोरेंट सभागार में "हितचिंतक सम्मेलन" का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सेवा भारती के मंत्री श्री रामेंद्र सिंह जी और विशिष्ट अतिथि पूर्व राज्यसभा सदस्य श्री महेश पोद्दार जी रहे। सेवा भारती के सचिव श्री ऋषि पाण्डेय जी भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म दिखाई गई और 'राष्ट्रीय सेवा साधना - आपदा प्रबंधन 2025' पत्रिका का विमोचन किया गया।

## गुजरात प्रान्त

सेवा भारती गुजरात प्रान्त के डॉ. हेडगेवार भवन, कर्णावती, अहमदाबाद में राष्ट्रीय सेवा भारती द्वारा प्रकाशित "राष्ट्रीय सेवा साधना" आपदा प्रबंधन पुस्तक का विमोचन राष्ट्रीय सेवा भारती के अध्यक्ष माननीय सुनील सप्रे जी ने किया। इस पुस्तक में आपदा प्रबंधन के विशेषज्ञों के लेख, सेवा भारती एवं अन्य स्वयंसेवी संगठनों द्वारा आपदा में किए गए सेवा कार्यों का विवरण और स्वयंसेवकों के अनुभव सम्मिलित किये गए हैं।






# राष्ट्रीय सेवा साधना - आपदा प्रबंधन वार्षिक विशेषांक पुस्तक का प्रान्तों में विमोचन किया गया






## जयपुर प्रान्त

यह कार्यक्रम प्रांतीय सेवा भारती एवं प्रधानमंत्री उच्च शिक्षा अभियान आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उप-मुख्यमंत्री, मंत्री-उच्च शिक्षा एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, राजस्थान "डॉ. प्रेम चंद बैरवा जी", माननीय राज्यपाल राजस्थान "श्री हरिभाऊ बागड़े जी", अखिल भारतीय सह सेवा प्रमुख राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ "श्री राजकुमार मटाले जी", उच्च शिक्षा के सचिव, आयुक्त, विभिन्न विश्वविद्यालयों के वाइस चांसलर और कॉलेजों के प्राचार्य उपस्थित रहे।



## अवध प्रान्त

सेवा भारती अयोध्या महानगर द्वारा जलकल अमानीगंज, अवधपुरी बस्ती चंद्रगुप्त नगर में निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजन किया गया। डॉक्टरों ने शिविर में आए लोगों का शुगर, बीपी, दर्द, गैस और अन्य बीमारियों की जांच कर निःशुल्क दवाइयां वितरित कीं। शिविर में महानगर संघचालक प्रोफेसर विक्रमा प्रसाद पांडे जी सहित कई वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने सेवा कार्य में योगदान दिया।




## दक्षिण बिहार प्रान्त

सेवा भारती बोधगया द्वारा अहिल्याबाई होल्कर निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा भारती के संयुक्त महामंत्री विजय पुराणिक जी, पूजनीय स्वामी विवेकानंद गिरी जी, श्री मनोज भते जी, श्री संजय सिंह जी, श्री राहुल दत्ता जी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर पितृ पक्ष मेला में आए श्रद्धालुओं को निःशुल्क होम्योपैथिक सेवा दी गई और डॉ. सुबोध बिहारी सिंह जी, डॉ. संजय मिश्रा जी सहित 20 चिकित्सकों और मेडिको को अंग वस्त्र व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।



## जम्मू कश्मीर प्रान्त

सेवा भारती, जम्मू कश्मीर प्रान्त द्वारा तीन दिवसीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग 18 अप्रैल 2025 को दिशा छात्रावास, कटरा में प्रारंभ हुआ। उद्घाटन सत्र में श्रीमान जयदेव जी (अखिल भारतीय छात्रावास प्रमुख) , श्री अश्विनी जी (संरक्षक सेवा भारती, जम्मू कश्मीर), श्री राकेश जी (प्रांत अध्यक्ष) , श्री प्रदीप कपूर जी (महामंत्री) उपस्थित रहें। वर्ग में प्रत्येक जिले से अध्यक्ष, महामंत्री, कोषाध्यक्ष और मंत्री सहित चार कार्यकर्ता अपेक्षित है।



## तमिलनाडु प्रान्त

सेवा भारती तमिलनाडु के SIRPI स्किल एनेबलमेंट प्रोग्राम के तहत, 12 छात्रों ने एक प्रेरणादायक करियर मोटिवेशन सत्र में भाग लिया, जिसका नेतृत्व PRODAPT के वरिष्ठ विशेषज्ञ ने किया। श्री विजयन, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट – एचआर, और सुश्री दिव्या, एक अनुभवी आईटी प्रोफेशनल, ने अपने करियर की यात्रा और उद्योग की अपेक्षाओं के बारे में छात्रों से अनुभव साझा किया।

पूर्व PRODAPT रिक्रूटर और अब जनरल मैनेजर के रूप में कार्यरत श्री प्रभु ने नौकरी की दुनिया में खुद को अलग साबित करने के लिए उपयोगी सुझाव दिए। दो घंटे का यह सत्र अत्यंत रोचक और ज्ञानवर्धक रहा, जिसमें छात्रों ने दृढ़ता, कौशल निर्माण और करियर योजना से संबंधित महत्वपूर्ण बातें सीखी।
हम PRODAPT का हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं, जिन्होंने अपने वास्तविक अनुभवों और विशेषज्ञ सलाह के माध्यम से भविष्य के प्रोफेशनलों को मार्गदर्शन और प्रेरणा प्रदान की।



## उत्तराखंड प्रान्त

सेवा भारती उत्तराखंड प्रांत द्वारा काशीपुर खंड स्कॉट फार्म में अहिल्याबाई सिलाई केंद्र का उद्घाटन संपन्न हुआ। यह केंद्र स्वावलंबन आयाम के तहत शुरू किया गया है। कार्यक्रम में प्रांत सेवा प्रमुख श्रीमान पवन जी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।



## पंजाब प्रान्त

सेवा भारती खरड़ द्वारा आयोजित रक्तदान एवं निःशुल्क चिकित्सकीय शिविर में क्षेत्र के अनेक सेवाभावी संगठनों का योगदान उल्लेखनीय रहा। शिविर में PGIMER चंडीगढ़ की टीम द्वारा 40 रक्तदाताओं का रक्त संग्रह किया गया, वहीं लगभग 150 लोगों ने ClearMedi Healthcare और Path vision Labs द्वारा प्रदान की गई विशेषज्ञ सेवाओं के अंतर्गत निःशुल्क चिकित्सकीय जांच का लाभ लिया।




## मेरठ प्रान्त

सेवा भारती मेरठ प्रांत के तत्वाधान में 4 से 6 अप्रैल तक शताब्दी नगर स्थित माधव कुंज में त्रिदिवसीय चतुर्थ छात्रावास शिविर का आयोजन हुआ। उद्घाटन भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन और प्रदर्शनी से हुआ। मुख्य वक्ता राष्ट्रीय सेवा भारती के अखिल भारतीय संगठन मंत्री श्री सुधीर कुमार जी रहे। शिविर में शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। अलीगढ़, वृन्दावन, फिरोजाबाद, बरेली, गाजियाबाद, हापुड़ और मेरठ के छात्रावासों के 350 विद्यार्थी शामिल हुए। कार्यक्रम में महापौर हरिकांत श्री अहलूवालिया जी सहित अनेक विशिष्ट अतिथि और स्वयंसेवक उपस्थित रहे।






## मालवा प्रान्त

सेवा कार्यों की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए, सेवा भारती शिक्षा समिति, इंदौर द्वारा नव स्थापित आवासीय कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र एवं बालक छात्रावास का लोकार्पण समारोह 22 अप्रैल 2025 को सिद्धार्थ नगर, गांधी नगर रोड, इंदौर में सम्पन्न हुआ। समारोह की अध्यक्षता श्री घनश्याम भागवानी जी ने की। मुख्य वक्ता के रूप में मा. सुरेश भैयाजी जोशी (अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि के रूप में माननीय प्रांत संघचालक श्री प्रकाश शास्त्री जी एवं श्री निरंजन भाई देसाई जी उपस्थित रहे। इस छात्रावास में 60 बालकों को निःशुल्क आवास, शिक्षा एवं संस्कार आधारित वातावरण में रहने की सुविधा दी जाएगी। समारोह में सेवा भारती मालवा प्रांत, सेवा भारती इंदौर, सेवा विभाग से जुड़े कार्यकर्ता एवं अनेक समर्पित सहयोगी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।







## झारखण्ड प्रान्त

सेवा भारती न्यास, हजारीबाग के तत्वावधान में पुष्पा भवन, बड़कागांव रोड में कार्यकर्ता स्नेह मिलन कार्यक्रम संपन्न हुआ। राष्ट्रीय सेवा भारती के न्यासी श्री विनोद बिड़ला जी व संघ के सह विभाग संघचालक श्री ताराकांत शुक्ला जी ने दीप प्रज्वलन कर उद्घाटन किया। सेवा भारती के विभिन्न आयामों के कार्यों पर चर्चा हुई। महिला सशक्तिकरण, कृषि व स्वरोजगार से संबंधित उपलब्धियां साझा की गईं। श्री विनोद बिड़ला ने कहा कि सेवा कार्य ईश्वरीय कार्य है। इस अवसर पर त्रैमासिक पत्रिका सेवा सौरभ का लोकार्पण भी हुआ।




## जम्मू कश्मीर प्रान्त

रामबन की प्राकृतिक आपदा से राष्ट्रीय राजमार्ग बंद होने के कारण फंसे हुए बन्धुओं हेतु राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ,सेवा भारती द्वारा भोजन हेतु लंगर व्यवस्था। प्राकृतिक आपदा में जिन लोगों के घरों में नुकसान हुआ है सेवा भारती के कार्यकर्ता और स्वयंसेवको ने आपदा पीड़ित परिवारों को सहायता उपलब्ध कराई।

सेवा भारती रामबन, जम्मू कश्मीर द्वारा निशुल्क मेडिकल कैम्प का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय लोगों को स्वास्थ्य जांच और दवाइयों की सुविधा प्रदान की गई।

## दिल्ली प्रान्त

# रन फॉर गर्ल चाइल्ड

गत 13 अप्रैल को सेवा भारती, दिल्ली प्रदेश ने जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में "Run for a Girl Child" मैराथन का आयोजन किया। इसमें 8,000 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लेकर महिला सशक्तिकरण और किशोरी विकास के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए एकजुटता दिखाई। यह कार्यक्रम दिल्ली की सेवा बस्तियों से आई महिलाओं और युवतियों के साथ-साथ बॉलीवुड, खेल, व्यवसाय, शिक्षा, प्रशासन एवं समाज सेवा से जुड़े प्रतिष्ठित लोगों की सहभागिता का साक्षी बना। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय सह प्रचार प्रमुख श्री प्रदीप जोशी, समाजसेविका एवं दिल्ली के उपराज्यपाल श्री वी.के. सक्सेना की धर्मपत्नी श्रीमती संगीता सक्सेना, समाजसेवी एवं केंद्रीय खेल मंत्री श्री मनसुख मांडविया की धर्मपत्नी श्रीमती अनीता मांडविया, दिल्ली पुलिस के विशेष आयुक्त श्री मधुप तिवारी, ओलंपिक पदक विजेता श्री योगेश्वर दत्त, पैरा ओलंपिक पदक विजेता सुश्री प्रीति पाल और दिल्ली सेवा भारती के अध्यक्ष श्री रमेश अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 5 बजे किया। **मैराथन की तीन श्रेणियाँ रहीं-10 किलोमीटर (टाइम रन) 5 किलोमीटर (फन रन) 3 किलोमीटर (फन रन)** कार्यक्रम की शुरुआत जुम्बा, संगीत, जोकर एक्ट, सेवाधाम विद्यालय के छात्रों द्वारा योग प्रदर्शन के साथ हुई, जिससे आयोजन का माहौल ऊर्जा, उत्साह और सामाजिक समरसता से भर गया।









सेवा भारती की सचिव एवं कार्यक्रम संयोजिका श्रीमती निधि आहूजा ने कहा, "दिल्ली की सेवा बस्तियों, पेशेवर धावकों और युवाओं ने जिस तरह का उत्साह दिखाया, वह हमारे प्रयासों को बल देता है। यह दौड़ हमारे व्यापक अभियान का हिस्सा है। हमने सेवा बस्तियों में 153 किशोरी विकास केंद्र स्थापित किए हैं और हमारा लक्ष्य 1,00,000 से अधिक बालिकाओं तक शिक्षा, स्वास्थ्य और कौशल विकास की सेवाएं पहुंचाने का है।





## मध्य भारत प्रान्त

सेवा भारती उदयपुरा, जिला रायसेन द्वारा रामजानकी बड़े मंदिर में भव्य समरस कन्यापूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। पहली बार हुए इस सामूहिक आयोजन में नगर के आठ संस्कार केंद्रों से 250 से अधिक कन्याएँ शामिल हुईं।



दिल्ली प्रान्त: सेवा भारती दिल्ली प्रांत कार्यालय मैं निरीक्षिका प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किया गया।




जयपुर प्रान्त: सेवा भारती सीकर द्वारा सामाजिक आयाम के तहत साप्ताहिक सत्संग केन्द्र का शुभारंभ किया गया।




उत्तर असम प्रान्त : सेवा भारती पूर्वांचल व्हीलचेयर वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया ।




मध्यभारत प्रान्त : सेवा भारती द्वारा भोपाल में मध्यस्थता एवं कानून परामर्श शिविर का सफल आयोजन।



उत्तराखंड प्रान्त: सेवाभारती उत्तराखंड देहरादून में विशेषज्ञ ब्यूटीशियन का निःशुल्क कोर्स चलाया जा रहा है।




पंजाब प्रान्त: सेवा भारती लुधियाना द्वारा बाल संस्कार केंद्रों ने हिंदू नववर्ष प्रतिपदा कार्यक्रम आयोजित किया ।